तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026



12 जागृति स्कूल के वार्षिक उत्सव, सम्मान समारोह में मंत्री गजेन्द्र हुए...





11 विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी ...






## खबर संक्षेप

### गुण्डरदेही-रनचिरई मार्ग की मरम्मत की मांग एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**गुण्डरदेही।** गुण्डरदेही से रनचिरई मार्ग के सड़क की शीघ्र मरम्मत की मांग को लेकर गुण्डरदेही अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन पत्र सौंपा गया। आवेदन में उल्लेख किया गया कि उक्त मार्ग अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिससे आम नागरिक, विद्याथऍं एवं राहगीरों को आवागमन मे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। एसडीएम से जनहित को ध्यान में रखते हुए मार्ग के शीघ्र नवीनीकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि संजय साहू, पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही सलीम खान, रवि तिवारी, डां जितेन्द्र साहू, क्रांतिभूषण साहू, भूपेश चन्द्राकर एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### जेल में बंद शिक्षक निलंबित, जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया आदेश

**बालोद।** जिला शिक्षा अधिकारी बालोद द्वारा आदेश जारी करते हुए जेल में बंद शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि थाना प्रभारी बालोद द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला औराभांठा में सहायक शिक्षक के रूप में पदस्थ रज्जू लाल महिलांगे को बालोद थाना में दर्ज धारा 69, 351 बीएनएस के तहत 29 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय बालोद के समक्ष पेश किया गया जो वर्तमान में जेल में निरूद्ध है। आरोपी शिक्षक के खिलाफ एक सप्ताह पूर्व एक महिला ने गंभीर आरोप लगाया था। उसके बाद उसके खिलाफ अपराध कायम किया गया था। उसी मामले में शिक्षक की गिरफ्तारी हुई है। आदेश पत्र में कहा गया है कि सहायक शिक्षक रज्जू लाल महिलांग का उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा नियम 1965 के विपरीत होने के कारण आरोपी को वर्तमान पद पर पदस्थ रखना लोकहीत मे उचित नही है। इसलिए छ.ग. सिविल सेवा मे निहित प्रावधानो के तहत सहायक शिक्षक रज्जू लाल महिलांग को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डौण्डीलोहारा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

# खाद संकटः गोदाम में उपलब्ध एनपीके खाद, फिर भी किसानों को नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

- तीन गोदामों में 150 टन से अधिक खाद का भंडारण


आदिवासी विकासखंड डोंडी अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा से लोन लेकर मक्का, गेहूं, चना सहित अन्य रबी फसलों की खेती कर रहे किसान खाद के लिए प्रतिदिन सोसायटी के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। किसान कन्हैयालाल, जगतराम, खोरबहारा राम, जितेंद्र कुमार, घसिया राम सहित अन्य किसानों ने बताया कि धान कटाई के बाद रबी फसल के लिए उन्होंने समिति से ऋण लेकर मक्का, गेहूं, चना आदि की बुआई की है। इस वर्ष रबी सीजन में डीएपी खाद की समय पर उपलब्धता नहीं होने के कारण शासन द्वारा उसके स्थान पर एनपीके 20-20-013 खाद की आपूर्ति कर लगभग एक माह पूर्व ही खाद गोदामों में भंडारण करा दिया गया।

इसके बावजूद किसानों को यह खाद वितरित नहीं की जा रही है। किसानों का कहना है कि इस समय मक्का फसल में झड़ के पास खाद डालना अत्यंत आवश्यक है, जिससे पौधों की अच्छी बढ़वार हो सके। साथ ही गन्ना, गेहूं, मटर, चना सहित अन्य फसलों की बोआई भी चल रही है।

## रबी फसल के लिए जरूरी एनपीके खाद का वितरण ठप

### समय में खाद नहीं मिलने पर फसल खराब होने का डर

ऐसे में समय पर खाद नहीं मिलने से फसलों के खराब होने का खतरा बढ़ गया है। किसानों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि "जब फसल खाद के अभाव में नष्ट हो जाएगी, तब खाद देने से क्या फायदा?" धुरवाटोला, शिकारीटोला, ककरैल, गिधाली और सुवरबोड़ के बड़ी संख्या में किसानों ने मक्का फसल लगाई है और सभी इसी समस्या से जूझ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के अंतर्गत खाद गोदाम चिपरा में 60 टन, भर्रीटोला खाद गोदाम में 60 टन तथा कुसुमकसा खाद गोदाम में 30 टन एनपीके खाद का भंडारण लगभग एक माह पूर्व किया जा चुका है। बताया जा रहा है कि यह खाद कंप्यूटर सिस्टम में दर्ज नहीं होने के कारण वितरण नहीं हो पा रहा है। कंपनी के टेंडर लगने और रेट कंप्यूटर में अपडेट होने के बाद ही वितरण की प्रक्रिया शुरू होने की बात कही जा रही है।



### किसानों ने खाद वितरण करने की मांग की

पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने बताया कि खरीफ सीजन में भी खाद की कमी रही थी। अब रबी फसल के लिए यूरिया, पोटाश और राखड़ खाद का वितरण तो किया जा चुका है, लेकिन गोदामों में पहले से भंडारित एनपीके खाद का वितरण अब तक नहीं किया गया है। इससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों और जनप्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि खाद गोदामों में रखे एनपीके खाद का अविलंब वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि रबी फसलों को समय पर पोषण मिल सके और किसानों को नुकसान से बचाया जा सके।

## बैठक

### कुपोषण रोकथाम के लिए ठोस और प्रभावी उपायों पर जोर

# कलेक्टर मिश्रा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- कन्या समृद्धि, पीएम मातृ वंदना व बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना की समीक्षा



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय कार्यों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में कुपोषण की रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के अलावा विभाग द्वारा संचालित शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर मिश्रा ने जिला कार्यक्रम अधिकारी से लेकर परियोजना अधिकारी, सुपरवाईजर सहित सभी अधिकारी–कर्मचारियों को अपने अधीनस्थ अधिकारी–कर्मचारियों के कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने परियोजनावार पोषण पुनर्वास केन्द्ररों में भर्ती किए गए कुपोषित बच्चों के संख्या के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश भी दिए। मिश्रा ने नोनी सुरक्षा के कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए इस योजना का समुचित प्रचार–प्रसार करने को कहा। जिससे कि इस योजना से अधिक से अधिक बालिकाओं को लाभान्वित किया जा सके। बैठक में मिश्रा ने जिले में कुपोषण की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों के अंतर्गत मिशन गोद के तहत गोद लिए गए बच्चों की स्थिति में सुधार, पोषण ट्रेकर एंट्री स्थिति, महिला सशक्तिकरण, महतारी वंदन योजना की जानकारी, छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण एवं सक्षम योजना अंतर्गत वर्ष 2025–26 में स्वीकृत ऋण प्रकरणों की समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने नोनी सुरक्षा एवं सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के कार्य की प्रगति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं योजना, आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य की प्रगति एवं वर्तमान में संचालित आंगनबाड़ी भवनों की जानकारी के अलावा स्वयं के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की जानकारी एवं नगरीय निकायों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति हेतु शेष भवनों की जानकारी आदि की विस्तृत समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने जर्जर आंगनबाड़ी भवनों की जानकारी, अभिसरण अंतर्गत जर्जर भवनों के स्थान पर नवीन स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों की अद्यतन जानकारी, आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वीकृत पेयजल सुविधा के कार्य हेतु जारी राशि की व्यय की जानकारी तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ताओं एवं सहायिकों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु भर्ती प्रक्रिया आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

## चखना दुकान संचालक की मनमानी

# प्रतिबंधित पानी पाउच और डिस्पोजल की ऊंचे दामों पर बिक्री, गंदगी से ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/गुण्डरदेही

ग्राम हल्दी में विगत 1 अप्रैल 2025 से शराब दुकान के साथ चखना दुकान का संचालन हो रहा है, लेकिन उक्त चखना दुकान के संचालक के रवैये से ग्रामीण व ग्राहक त्रस्त है, आरोप है कि ग्राहकों को मनमानी दाम पर डिस्पोजल गिलास व पानी पाउच का विक्रय किया जा रहा है, साथ ही उसको सुरक्षित स्थान पर डिस्पोज भी नहीं किया जाता है, जिससे जगह–जगह पानी पाउच और डिस्पोजल गिलास का कचरा फैला हुआ है।

जिससे वहां के मैदान एवं खेतों में पानी पाउच व डिस्पोजल गिलास का ढेर लगा हुआ है, जबकि सरकार के नियम के अनुसार पानी पाउच व डिस्पोजल गिलास का विक्रय पूर्णत प्रतिबंधित है, फिर भी सरकारी नियमों की अवहेलना संचालक द्वारा किया जा रहा है, साथ ही ग्राहकों से मनमानी दाम भी वसूली जा रही है जिससे ग्राहकों एवं ग्रामीण में भारी नाराजगी है। ▶▶ शेष पेज 10 पर

# राजहरा परिवहन संघ की मांगों का समाधान, खान मंत्रालय ने राज्य स्तर पर कार्रवाई का निर्देश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा



दल्लीराजहरा से भिलाई तक लोह अयस्क व नव निर्मित पैलेंट प्लांट से निर्मित पैलेंट का आंशिक परिवहन कार्य दिए जाने की राजहरा परिवहन संघ दल्लीराजहरा के मांगो को लेकर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स द्वारा की गई पहल से खान मंत्रालय भारत सरकार के अवर सचिव द्वारा सचिव खनन विभाग रायपुर को जारी पत्र की कॉपी अमित कुकरेजा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स इकाई दल्लीराजहरा ने अध्यक्ष राजहरा परिवहन संघ को सौपा,

अवर सचिव खान मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सचिव खनिज संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ के नाम पर जारी पत्र में राजहरा परिवहन संघ की मांगो का समाधान राज्य स्तर पर होने पर माइंस से परिवहन कार्य देकर रोजगार मुहैया कराने का उल्लेख है। गोरतलब है की राजहरा परिवहन संघ दल्लीराजहरा द्वारा अपनी मांगो को लेकर 28 अगस्त से माइंस आफिस के समीप अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया था उक्त धरना प्रदर्शन में 13 सितंबर को सतीष थोरानी प्रदेशाध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स रायपुर सहित प्रदेश के पदाधिकारी ,बालोद जिला व दल्लीराजहरा इकाई के पदाधिकारियों ने धरना स्थल पहुंचकर परिवहन संघ की मांगो उचित बताते हुए धरना का समर्थन किए थे।

साथ ही राजहरा परिवहन संघ की मांगो को केंद्रीय खान मंत्री को अवगत कराकर उचित हल निकालने की बात कही थी, जिसका परिणाम अवर सचिव खान मंत्रालय ▶▶ शेष पेज 10 पर

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स इकाई दल्लीराजहरा अध्यक्ष अमित कुकरेजा सहित पदाधिकारी ,राजकुमार सोनी ,कैलाश छाजेड़ ,नवदीप गुप्ता सहित राजहरा परिवहन संघ के सरंछक, परमजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह तुली,नरेंद्र सिंह तुली अध्यक्ष, जगजीत सिंह मरवाहा, अनिल सुथार, चरणजीत सिंह, गुरमेजसिंह रंधावा सहित सदस्य उपस्थित थे।






## धान खरीदी केंद्रों में फैली अव्यवस्थाओं से किसान परेशान

# पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण, केंद्रों पर अव्यवस्था का आलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

- किसानों ने पूर्व गृहमंत्री साहू से टोकन जारी नहीं होने और अनियमित धान उठाव से हो रही परेशानी की साझा



धान खरीदी केंद्रों में किसानों को हो रही समस्याओं का जायजा लेने मंगलवार को प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने ग्राम तिरगा, निकुम एवं आलबरस धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी परेशानियां सुनीं और भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। पूर्व मंत्री साहू ने कहा कि भाजपा सरकार सुशासन का ढोल पीट रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। शीतलहर और ठंड में किसान पिछले एक माह से खलिहानों में रात-रात भर अपनी धान फसल की रखवाली कर रहे हैं। सुबह होते ही किसान ऑनलाइन और ऑफलाइन टोकन के लिए केंद्रों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, फिर भी न समय पर धान बिक पा रहा है और न ही उठाव हो रहा है। तिरगा में मजबूरी में गौठान के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। किसानों ने बताया कि उन्हें समय पर टोकन नहीं मिल पा रहा है, जिससे भारी दिक्कतें आ रही हैं। साहू ने कहा कि प्रशासन किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है।

साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय किसानों का दाना-दाना धान खरीदा जाता था, जबकि अब कम लिमिट के कारण किसान अपनी पूरी उपज नहीं बेच पा रहे हैं। राइस मिलरों को मिलिंग शुल्क 120 से घटाकर 60 रुपए करने से मिलिंग प्रभावित हुई है, जिससे सोसायटियों में धान का जाम लगा है। उन्होंने मांग की कि सभी किसानों को शीघ्र टोकन जारी कर खरीदी प्रक्रिया सुचारु की जाए।

इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग राकेश हिरवानी,पूर्व जनपद अध्यक्ष दुर्ग देवेंद्र देशमुख, पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति निकुम धरम दास साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी तारा शर्मा, पूर्व जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, जनपद सदस्य दामिनी साहू, पूर्व जनपद सदस्य टिकेश्वरी देशमुख, सरपंच तिरगा घसिया राम साहू, सरपंच खाड़ा नंद कुमार साहू,बाबू लाल देशमुख, दुस्यंत देवांगन,रमेश साहू , पूर्व सरपंच आशा देशमुख, देवीलाल देशमुख, प्यारे लाल देशमुख,सहित किसान गण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### नगर के एकलव्य महाविद्यालय में पत्रिका 'रुनझुन' का किया विमोचन

**डौंडीलोहारा।** नगर स्थित शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में मंगलवार 06 जनवरी को महाविद्यालय की छमाही पत्रिका 'रुनझुन' का विमोचन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जशराज शर्मा द्वारा किया गया। श्री शर्मा ने इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक प्रदीप खरे ने कहा कि यह पत्रिका विद्यार्थियों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी सहायक होगी। संपादक संजय कुमार ठाकुर ने बताया कि 'रुनझुन' महाविद्यालय के नवाचार का हिस्सा है, जिसमें दैनिक महाविद्यालयीन दिवस पर विद्यार्थियों द्वारा संविधान का वाचन एवं महत्वपूर्ण समाचार संकलित कर प्रकाशन किया जाता है। प्राचार्य डॉ. रोशन आरा, स्टाफ और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय जम्बूरी में भाठागांव आर के सात छात्र दिखाएंगे दमखम



**गुण्डरदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर से भारत स्काउट गाइड द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जम्बूरी दुधली बालोद में भाग लेने के लिए पुष्कर साहू, देवेंद्र सोनी, ओमप्रकाश साहू, डोमेन्द्र साहू, यंशु चंद्राकर, नीलम निर्मलकर और श्रद्धा श्रीवास दुधली के लिए रवाना हुए।

### कॉलेज में उत्पात मचाने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** कल्याण महाविद्यालय भिलाई में प्रदर्शन के दौरान शासकीय संपत्ति में तोड़कर कर उत्पात मचाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 9 दिसंबर 2025 को कल्याण कालेज सेक्टर 7 के प्राचार्य कक्ष में परीक्षा का फॉर्म परीक्षण और हस्ताक्षर का कार्य चल रहा था। इस दौरान पूर्व छात्र आकाश कनौजिया, दीपक पाल, आनंद यदु, नितेश गुप्ता, आशीष कालो, भौमित पटेल, अंशुल शर्मा समेत अन्य अन्य छात्र कालेज के भीतर प्रवेश कर गाली गलौज किया। प्राचार्य के टेबल में रखें शासकीय दस्तावेज को उठाकर फेंका गया। दस्तावेज फाड़ कर स्याही डाल कर खराब कर दिया गया। जिससे शासकीय दस्तावेज की क्षति हुई थी। शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। छात्रों ने जूते का माला बनाकर प्राचार्य को पहनाने का प्रयास कर रहे थे।

### मकान से दो लाख के जेवरात पार

**भिलाई।** मकान के आलमारी से सोना का जेवरात पार करने के मामले में पुलिस ने ज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि वार्ड 10 शंकर नगर कुम्हारी निवासी भरत बजाज के मकान से सोना चांदी के जेवरात पार हो गया है।

## बैठक

### धान खरीदी, रकबा समर्पण और भौतिक सत्यापन की समीक्षा एवं निर्देश

# कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी की तैयारियों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली में 09 से 13 जनवरी तक आयोजित होने वाली प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के सफल एवं बेहतर आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

■ राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में राज्यपाल, केन्द्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री सहित गणमान्य अतिथियों का आगमन

कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में आयोजन से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर के आयोजन के गरिमा के अनुरूप पूरे देश में पहली बार आयोजित होने वाली इस प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का भव्य एवं गरिमामय ढंग से आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मिश्रा ने समय-सीमा की बैठक में आज संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेकर आयोजन से जुड़े सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि इस 05 दिवसीय आयोजन के दौरान अलग-अलग दिवसों में राज्यपाल, केन्द्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री के अलावा राज्य शासन के मंत्रियों एवं अन्य गणमान्य जनों का आगमन होना है। कलेक्टर ने जंबूरी में अति विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल तक सुगम, सुव्यवस्थित यातायात एवं अन्य जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। श्रीमती मिश्रा ने सभी विभागों को कार्यक्रम स्थल में प्रदर्शनी लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रदर्शनी में अपने-अपने विभागों के राज्य एवं जिला स्तर के उपलब्धियों को भी प्रदर्शित करने को कहा।

उन्होंने कहा कि सभी स्थानों में पर्याप्त रोशनी के अलावा पूरे समय फायर बिग्रेड की भी उपलब्धता सुनिश्चित करने, अस्थायी अस्पताल का निर्माण कर वहां पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जंबूरी में शामिल होने वाले लोगों के श्रमदान हेतु स्थान तय करने तथा आयोजन स्थल के समीप स्थित गोंदली जलाशय में वाटर स्पोर्ट्स के आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पर्याप्त मात्र में गोताखोर, लाईफ जैकेट आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मिश्रा ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य की समीक्षा की। उन्होंने रकबा समर्पण के कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी लेते हुए इसे विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने को कहा। मिश्रा ने सभी नोडल अधिकारियों को अपने-अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन करने तथा पीवीएफ एवं सतर्क एप्प में इसकी एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने भौतिक सत्यापन एप्प शनिवार के अलावा बुधवार के दिन भी खुले होने की जानकारी दी। बैठक में कलेक्टर ने ओएनजीसी (तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम) द्वारा इकाई स्थापित करने के लिए बालोद सहित राज्य के 05 जिलों को चयन करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए ओएनजीसी द्वारा जिले में कुल 10 एकड़ जमीन की मांग की गई है। कलेक्टर ने इसे जिले के महत्वपूर्ण सौगात बताते हुए सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को 10 एकड़ की उपयुक्त जमीन चिन्हांकित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राजस्व विभाग के द्वारा अतिक्रमण हटाने हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने सभी शासकीय कार्यालयों में विशाखा समिति के गठन की कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी ली। मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को तत्काल इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल उत्पादन करने निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने किसानों को पराली नही जलाने के लिए प्रेरित करने तथा पराली जलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा 01 जनवरी से सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से अपना बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी अधिकारी-कर्मचारियों को प्रतिदिन सुबह 10 बजे एवं संध्या कार्यालय से प्रस्थान के दौरान फेस रीडिंग कराकर अपना अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने सभी कार्यालय प्रमुखों को अपने-अपने विभागों में शत प्रतिशत ई-फाइलिंग का कार्य सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब किसी भी शासकीय कार्यालयों में कोई भी मैनुअल फाईल से कार्य नही होगा।

### कलेक्टर दिव्या ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की जानकारी ली



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश ने 26 जनवरी को जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को सफलतापूर्वक आयोजन के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के भव्य, गरिमामय एवं सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने आयोजन से जुड़े सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिले के सभी कार्यालय प्रमुख अपने-अपने कार्यालयों में सुबह 07.30 बजे ध्वजारोहण संपन्न करने के पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय में सुबह 08 बजे आयोजित कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। इसके पश्चात उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण स्व. सरयू प्रसाद स्टेडियम बालोद में मुख्य कार्यकम स्थल में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है। कलेक्टर ने कहा कि स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 09 बजे ध्वजारोहरण किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि गणतंत्र दिवस समारोह स्थल स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में अतिथियों, गणमान्य नागरिकों, शहीद परिवारों एवं आमंत्रित लोगों को निर्धारित स्थानों में बैठक व्यवस्था की जिम्मेदारी सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं तहसीलदार बालोद को दी गई है। इसी तरह परेड सलामी व्यवस्था, कानून व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं पार्किंग व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक बालोद को दी गई है। कार्यक्रम में ध्वजारोहण की सम्पूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र बालोद को दी गई है। संपूर्ण सरयू प्रसाद स्टेडियम की साफ-सफाई, टेंकर की व्यवस्था मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद को दी गई है। समारोह स्थल पर आमंत्रित लोगों की बैठक, मंच निर्माण व्यवस्था, वीआईपी बैठक, वाटर प्रूफ शामियाना बैरिकेटिंग, परेड मैदान में अतिथि एवं गणमान्य नागरिक, प्रेस, स्वतंत्रता सेनानी, शहीद परिवार के लिए अलग-अलग सेक्टर निर्माण की व्यवस्था की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंताओं को दी गई है। स्वतंत्रता सेनानी, शहीद परिवार को ससम्मान कार्यक्रम स्थल तक लाने एवं पहुंचाने की व्यवस्था की जिम्मेदारी सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस विभाग को दी गई है। अन्य कार्यों के लिए लिए भी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

■ पारेड सलामी, कानून व्यवस्था, यातायात और पार्किंग की जिम्मेदारी पुलिस को

# विद्यालय कोड़िया में वार्षिक उत्सव एवं आनंद मेले का किया आयोजन





**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में वार्षिक उत्सव एवं आनंद मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक माननीय ललित चंद्राकर विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष जनपद दुर्ग माननीय राकेश हिरवानी पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर थे। शाला विकास समिति के अध्यक्ष आनंद चंद्राकर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। ग्राम सरपंच खुमान निषाद सहित गांव के वरिष्ठ जन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विद्यार्थियों ने विभिन्न तरह के पकवानों का स्टॉल लगाया साथ ही शाला के मंच पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गए। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ सरोज साहू द्वारा किया गया। कक्षा शिक्षक व्याख्याता शीला चंद्रा डॉक्टर रूपमती साहू प्रीतम देवांगन दानेश्वरी सिन्हा वेदिका साहू रीना पिलोदिया हर्षा महलवार प्रीति सलाम वीरेंद्र गजपाल टी एन साहू सुनील डड़सेना का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### शक्तियों की प्राप्ति कर जीवन की सभी समस्याओं को सहज पार करने में मदद करता है

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्व विद्यालय में माउंट आबू से आए ब्रह्माकुमार अशोक का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में राजयोगी ब्रह्माकुमार अशोक भाई माउंट आबू राजस्थान से आए है।

ब्रह्माकुमार अशोक ज्ञानामृत प्रेस, शांतिवन में अपनी सेवाएं 21 वर्षो से प्रदान कर रहे है, वे लेखक है एवं कई पोस्टर और पुस्तके बनाये है। 12 वर्षो तक भोजन और पानी पर शोध किए है। ऊर्जा क्षेत्र के भी अनुभवी है। वृत्ति से वृत्ति परिवर्तन विषय पर शोध और कार्यरत है। ब्रह्माकुमार अशोक ने कहा कि जल्दी उठना चाहिए, भगवान का ध्यान करना चाहिए, योगासन करना चाहिए, सत्संग करना चाहिए, स्वस्थ भोजन करना चाहिए, सुकर्म करना चाहिए और भगवान को धन्यवाद करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भगवान ने हमे सबसे पहला खजाना दिया है ज्ञान का खजाना। जिससे जीवन में रहते दुख अशान्ति से मुक्त हो जाते है। व्यर्थ संकल्प, निगेटिव संकल्प, विकल्प, विकर्म से मुक्त हो जाते है। अगर कोई भी व्यर्थ संकल्प व विकल्प आता भी है, तो ज्ञान के बल से विजयी बन जाते है। दूसरा खजाना है याद, योग। जिससे शक्तियों की प्राप्ति होती है और शक्तियों के आधार से सर्व समस्याओं को, सर्व विघ्नों को सहज पार कर लेते है। तीसरा खजाना है धारणाओं का, जिससे सर्व गुणों की प्राप्ति होती है, जिससे हम मूल्यवान बन जाते है। चौथा खजाना है सेवा का, जिससे सेवा करने से, जिसकी सेवा करते हो उसकी दुआयें मिलती है, खुशी प्राप्त होती है।

संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि इस नए वर्ष में माउंट आबू तपस्या भूमि से पधारे बाल ब्रह्मचारी राजयोगी ब्रह्माकुमार अशोक भाई का आगमन बालोद शहर में हुआ। यह पूरे क्षेत्र के लिए सकारात्मकता लाने का सुखद अहसास है। उनके त्याग, तपस्या और योगी जीवन के प्रभाव से हम सबका जीवन श्रेष्ठ बनेगा।

### ग्रामीणों में किया पूजा-पाठ

# भालूकोन्हा में नीम के पेड़ से दूध जैसा तरल निकलने से ग्रामीणों में आस्था, उमड़ी भीड़

**डौंडीलोहारा।** नगर से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित ग्राम भालूकोन्हा में इन दिनों एक अनोखी घटना को लेकर ग्रामीणों में गहरी आस्था और उत्सुकता देखी जा रही है। भालूकोन्हा जाने वाले मुख्य मार्ग पर ग्रामीण फूलचंद कुमेटी के खेत में स्थित एक पुराने नीम के पेड़ से बीते एक सप्ताह से लगातार दूध जैसा सफेद तरल पदार्थ निकल रहा है। इस अद्भुत दृश्य को ग्रामीण चमत्कार मान रहे हैं और इसे आस्था से जोड़कर देख रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार शुरुआत में पेड़ के तने से हल्की मात्रा में सफेद तरल निकलता दिखाई दिया, लेकिन धीरे-धीरे इसकी मात्रा बढ़ती गई। तरल पदार्थ का रंग और बनावट दूध जैसी होने के कारण क्षेत्र में यह खबर तेजी से फैल गई। देखते ही देखते आसपास के गांवों से भी लोग



मौके पर पहुंचने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि पेड़ से बुलबुले के रूप में निकलने वाला तरल लगातार बह रहा है, जिसे लोग श्रद्धा भाव से देख रहे हैं और उस तरल पदार्थ को प्रसाद के रूप में ग्रहण भी कर रहे हैं।घटना के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पूजा-पाठ प्रारंभ कर दिया है। नीम के पेड़ के आसपास साफ-सफाई कर पूजा स्थल जैसा स्वरूप दिया गया है। रोजाना दिनभर दीप प्रज्वलन, अगरबत्ती और पूजा-अर्चना की जा रही है। कई श्रद्धालु पेड़ के नीचे बैठकर मनोकामना भी कर रहे हैं। मान्यता है कि यह किसी दैवीय संकेत का प्रतीक हो सकता है। इस अनोखी घटना को देखने और दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। हालांकि कुछ जागरूक लोग इसे प्राकृतिक कारणों से जोड़कर देख रहे हैं, लेकिन अधिकांश ग्रामीण इसे चमत्कार मानते हुए गहरी आस्था प्रकट कर रहे हैं। फिलहाल यह नीम का पेड़ पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# यातायात जागरूकता रैली निकालकर दी गई सुरक्षा की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




ब्लॉक अंतर्गत ग्राम राना खुज्जी में जिला यातायात बालोद द्वारा शासन के निर्देशानुसार यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर गांव में जागरूकता रैली निकालकर दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग के प्रति सचेत किया गया। रैली के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करने से सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर चोट व जानमाल की क्षति से बचा जा सकता है। साथ ही सुरक्षित गति, यातायात नियमों का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा बच्चों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में यातायात विभाग से विजय बंजारे, देवरी थाना से मेजर मिश्रा, दिलीप वर्मन सहित पुलिस व यातायात अमले की सक्रिय सहभागिता रही। रैली में बड़ी संख्या में गांववासी एवं स्कूली बच्चे शामिल हुए, जिन्होंने नारे लगाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अंत में अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और सुरक्षित समाज का निर्माण हो सके।

### शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ

# ब्लाक मेट संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



ब्लाक मेंट संघ डौंडीलोहारा के नव निर्वाचित पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण समारोह ग्राम पंचायत खरथुली के मां शीतला के प्रांगण में उपस्थित अतिथियों के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डोमेंद्र राजपूत जनपद सदस्य ने सभी को शपथ पत्र वाचन कर शपथ दिलाई।

जिसमें भूषण बांसुरिया अध्यक्ष, आमीरदास कृषाणे उपाध्यक्ष, खुमेश्वरी साहू उपाध्यक्ष, ओंकार साहू कोषाध्यक्ष, पेरमू नायक सचिव, ओमशंकर सहारे सह सचिव, लता सांथर सह सचिव, नेहरू कोसमा मीडिया प्रभारी, नकुल चंद्राकर संगठन मंत्री को संघ के गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सभी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र एवं अंगवस्त्र व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु कोठारी,विशेष अतिथि धनेश्वरी साहू, संभाग अध्यक्ष तीरथ साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम साहू जिला सचिव, तोमिन मरकाम सचिव ब्लाक मेंट संघ बालोद, नीता साहू, अध्यक्ष ब्लॉक मेंट संघ गुण्डरदेही, तामेश्वर साहू अध्यक्ष ब्लॉक मेंट संघ गुरुर , लोकेश कुमार साहू सचिव मेंट संघ गुरुर, विक्रम साहू संरक्षक बड़गांव, हरक राम खरे सरपंच ख़रथुली सम्मिलित हुए । मंच संचालन कीर्तन देवांगन संचालक प्रदेश मेंट संघ ने किया। इस अवसर पर उपस्थित पंच गण मालती रावटे,लता टंडन,देवासीर ठाकुर,खुशबू यादव, एवं मेंट साथी गीता बघेल,पुरंजन साहू जोन अध्यक्ष कोड़ेकसा तुला राम बनपेला, पुनीत राम भुआर्य, सोहन लाल कोकिला,गैंद लाल भुआर्य,सुमन केशरवानी, हेमलाल चन्द्राकर, तुला राम ,हरक राम ,शिव पटेल,हेत राम चंद्राकर,धीरपाल सिंह, कुलदीप ठाकुर,पुनीत राम,कृष्ण ठाकुर,एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में संगठन की ताकत ,समय की पाबंद,बैठक में उपस्थिति,संघ की सदस्यता,नियम का परिपालन,समय पर अंश राशि जमा, एवं वाणी संयम एवं ईमानदारी से कार्य करने पर जोर दिया गया।

## पेज 9 के शेष

### प्रतिबंधित पानी पाउच और ...

क्षेत्र के जनपद सदस्य अश्वनी कुमार कटहरे ने बताया कि कई बार संचालक को शिकायत किया है कि पानी पाउच और डिस्पोजल गिलास की जगह गिलास व पानी की व्यवस्था करे व उचित दाम पर ही ग्राहकों को समान बेचे, लेकिन संचालक के द्वारा किसी प्रकार की नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, संचालक अपनी मनमानी कर रहे हैं, चखना संचालक द्वारा बेची जा रही पानी पाउच भी गुणवत्ताहीन है न तो उसमें निर्माण तिथि अंकित है ना ही अवसान तिथि अंकित है, इससे आम जनों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी हो रहा है। अश्वनी कटहरे ने बताया कि मेरे द्वारा उक्त आहता सेंटर के संचालक को दो-तीन बार समझाइए दी गई थी कि ग्राहकों को गुणवत्ता युक्त चखना व पानी बेचे, आसपास साफ सफाई का ध्यान रखें, लेकिन संचालक के मनमानी के चलते अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है, जल्द ही मेरे द्वारा आहता चखना दुकान के संचालक के खिलाफ उच्च जिम्मेदार अधिकारियों के पास शिकायत की जाएगी।

### राजहरा परिवहन संघ की मांगों ...

भारत सरकार द्वारा जारी पत्र है ,राजहरा परिवहन संघ के पदाधिकारी सहित सदस्यों ने छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश ,जिला व दल्लीराजहरा इकाई के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है की उनकी मांगों को खान मंत्रालय तक पहुंचाने और वहा से उन मांगो के संबंध में राज्य स्तर के अधिकारी को पत्र जागी किया गया है। उल्लेखनीय है की राजहरा परिवहन संघ लगभग 20_22 वर्षो से दल्लीराजहरा नगर स्थित बी एस पी अधिनस्थ आई ओ सी की खानों से निकलने वाली लौह अयस्क का 100 प्रतिशत परिवहन कार्य रेल मार्ग से किया जा रहा है। जिसमें से 25_40 प्रतिशत परिवहन कार्य राजहरा परिवहन संघ के मालवाहको को दिए जाने साथ ही हितकसा में निर्माणाधीन पैलेट प्लांट से निर्मित पैलेट का आनुपातिक परिवहन कार्य दिए जाने की मांग, बी एस पी प्रबंधन द्वारा निजी क्षेत्र को बेची जाने वाली अनुपयोगी लौह अयस्क का परिवहन कार्य,क्षेत्र की जनता के लिए समुचित रोजगार मुहैया उपलब्ध कराकर हो रहे पलायन को रोका जाए, जिला खनिज न्यास निधि से मिलने वाली राशि का अधिकतम उपयोग शहर के विकास में किया जाए,मालवाहक वाहन से परिवहन कार्य चालू होने से इस व्यवसाय से जुड़े वाहन मालिक ,आटो पार्ट्स विक्रेता,टायर विक्रेता ,मेकेनिक,वाहन चालक, हेल्फर, टायर रिपेयरिंग सहित वाहन से जुड़े अन्य कार्य करने वालो उन सभी के परिवार के लोगों को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से लाभ मिलेगा, रोजगार के द्वार खुलेंगे, शहर से पलायन रुकेगा और शहर का विकास होगा।

## खबर संक्षेप



### नरेश के जिला सहकारी बैंक दुर्ग के उपाध्यक्ष बनने पर ठेठवार समाज में हर्ष

**गुण्डरदेही/अर्जुन्दा।** अर्जुन्दा निवासी नरेश यदु को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर ठेठवार समाज के लोगो ने मिलकर नरेश यदु को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया है। बता दे कि नरेश यदु पुर्व मे जिला भाजपा उपाध्यक्ष व अन्य पदो पर जिम्मेदारी निभा चुके है। मुलाकात के दौरान ठेठवार समाज के अध्यक्ष बिरेन्द्र यादव, महासचिव घनश्याम यादव, उपाध्यक्ष दिलीप यादव, कोषाध्यक्ष आदेश्वर यादव, देवेंद्र यादव, प्रताप यादव, तरुण यादव शामिल हुए।

### खुरसुनी में 14 को इंडियन आर्मी कप क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन

**बालोद/निकुम।** ग्राम खुरसुनी में इंडियन आर्मी कप क्रिकेट प्रतियोगिता 14 जनवरी को स्कूल खेल ग्राउंड खुरसूनी में आयोजित की गई है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5001 रुपए व चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपये व आकर्षक पुरस्कार रखी गई है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि सदस्य जिला पंचायत बालोद गुलशन चंद्राकर होंगे, वही अध्यक्षता जनपद सदस्य नेम चुम्मन साहू करेंगे, वही विशिष्ट अतिथि ग्राम सरपंच योगेश्वर साहू रहेंगे। यह जानकारी समिति के प्रमुख राज निषाद ने दिया।

### खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स का पहला संस्करण 14 फरवरी से

**बालोद।** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स का प्रथम संस्करण का आयोजन 14 फरवरी से किया जाएगा। जिसके अंतर्गत कुल 09 खेलों को शामिल किया गया है। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि उक्त आयोजन में खिलाड़ियों का चयन ट्रायल का आयोजन 06 से 08 जनवरी को बिलासपुर एवं रायपुर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी खिलाड़ियों को चयन ट्रायल में शामिल होने के पूर्व पंजीयन कराना अनिवार्य है। जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक खिलाड़ी वेबसाईट के सूचना पटल पर दिए गए लिंक के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते हैं। बिना पंजीयन के चयन ट्रायल में शामिल होना मान्य नहीं होगा। इसके साथ ही उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

### कलेक्टर मिश्रा ने दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को मोबाइल सेट बांटे

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय स्थित सभाकक्ष में दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को मोबाईल सेट प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने दृष्टिबाधित दिव्यांग भूपेश कुमार, देवेन्द्र, प्रीतम साहू एवं गुंजन लाल को मोबाईल सेट प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं भी दी। उल्लेखनीय है कि दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को आज प्रदान किए गए इस मोबाईल सेट में विशेष एप्प डाउनलोड होने के कारण दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के मोबाईल को स्पर्श करने के बाद सांकेतिक भाषा के रूप में आवाज आने लगेगी। इसके पश्चात आवाज को पहचान कर दृष्टिबाधित दिव्यांगजन अपने ईच्छानुसार इस मोबाईल को ऑपरेट कर सकेंगे।

## निधन

### कृष्णा देवी दुबे



**अंडा।** पुलगांव दुर्ग वार्ड क्रमांक 55 निवासी कृष्णा देवी दुबे उम्र 80 वर्ष का अकास्मिक निधन 6 जनवरी के सुबह घर में हो गया, जिसका अंतिम संस्कार गृह पुलगांव के मुक्तीधाम किया गया। वे भरा पुरा परिवार को छोडकर चले गये, वे मनोज दुबे, बोरसी भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत दुबे की माता व मयक, रजत, ऋषभ, नितिन, निरज के दादी थे।

---

योजना : ग्रामीण रोजगार बढ़ाने और पलायन रोकने की दिशा में बड़ा कदम

# विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन को ग्रामीणों ने सराहा, गांवों में बढ़ा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद







शासन की महत्वाकांक्षी नई योजना विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण वीबी-जी राम जी अधिनियम के उद्देश्यों को बालोद जिले के ग्रामीणों ने ग्रामीण विकास का आधार मानते हुए काफी सराहा है। यह योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा का एक आधुनिक और उन्नत रूप है। इसका मुख्य उद्देश्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार और आजीविका के अवसरों को सुदृढ़ बनाना है।

यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और गांवों से पलायन रोकने की दिशा में एक बेहतर कदम साबित होगी। बालोद जिले के ग्राम तरौद में इस योजना को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार की गारंटी वाली यह योजना उन्हें वास्तव में सशक्त और सक्षम बनाएगी। ग्राम तरौद के निवासी जयप्रकाश यादव ने योजना की बारीकियों पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि पहले मनरेगा में 100 दिनों का रोजगार मिलता था, जिसे बढ़ाकर अब 125 दिन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि योजना की सबसे बड़ी खूबी इसका समय पर भुगतान है। अब मजदूरों को एक सप्ताह के भीतर ही मजदूरी का भुगतान हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि काम की मांग करने पर यदि काम नहीं मिला, तो भत्ते का प्रावधान ग्रामीणों के लिए सुरक्षा कवच है। जयप्रकाश ने बताया कि गांव में डबरी निर्माण, तालाबों के सुदृढ़ीकरण और नहर-नाली निर्माण से जल स्तर सुधरेगा, जिससे खेती को सीधा लाभ मिलेगा। ग्राम की आशा मानिकपुरी ने योजना का सबसे व्यावहारिक पहलू उजागर करते हुए बताया कि अक्सर ऐसे काम के चलते खेती के समय मजदूरों की कमी हो जाती थी। लेकिन जी राम जी योजना में यह विशेष प्रावधान है कि धान की खेती पीक सीजन के दौरान 60 दिनों तक सरकारी काम बंद रहेगा। इससे खेती-किसानी के समय गांवों में मजदूरों की कमी नहीं होगी और फसल का काम समय पर पूरा होगा। यह योजना किसान और मजदूर दोनों का हित सोचकर बनाई गई है।

ग्राम की सुनीता बाई साहू ने भी इस पहल को लाभकारी बताते हुए शासन-प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रामीणों का मानना है कि जब गांव में ही रोजगार, समय पर पैसा और मूलभूत संरचनाएं उपलब्ध होंगे, तो कोई भी अपना गांव छोड़कर, कहीं और काम की तलाश में नहीं जाएगा। विकसित भारत जी राम जी योजना न केवल रोजगार के दिन बढ़ा रही है, बल्कि जल संरक्षण और कृषि कार्य को भी गति दे रही है। ग्राम तरौद के ग्रामीणों की यह खुशी बता रही है कि शासन की यह योजना धरातल पर विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में सफल हो रही है।

---

# ऋण समय पर चुकाने वाले दिव्यांगजनों का किया सम्मान



**बालोद।** छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने सर्किट हाउस बालोद में छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त विकास निगम द्वारा स्वरोजगार हेतु वितरित किए गए ऋणों को ब्याज सहित पूर्णतः जमा करने वाले दिव्यांगजनों से मुलाकात कर उन्हें शाल एवं श्रीफल द्वारा सम्मानित किया।

इस दौरान कावड़िया ने दिव्यांगजनों के द्वारा समय पर ब्याज सहित पूर्णतः ऋण जमा करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष कावड़िया अपने बालोद जिले के प्रवास के दौरान सर्किट हाउस बालोद में जिले के दिव्यांगजनों से मुलाकात कर उन्हें दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम से स्वरोजगार हेतु ऋण लेकर व्यापार-व्यवसाय करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। जिससे कि दिव्यांगजन आर्थिक रूप से सक्षम एवं आत्मनिर्भर बन सके।

इस दौरान दिव्यांगजनों ने छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष को अपने मांगों एवं समस्याओं के संबंध में अवगत भी कराया। अध्यक्ष कावड़िया ने दिव्यांगजनों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कविन्द्र जैन, उर्वशी यादव, महेन्द्र यादव, देवेन्द्र साहू, देवराम पटेल, नंदकुमार एवं रमेश खरे सहित जिले के जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

---

# भाजपा मंडल ओटेबंद के बूथ में एसआईआर बैठक आयोजित



**बालोद/कलंगपुर।** भाजपा मण्डल ओटेबन्द के अंतर्गत बूथ क्रमांक 218 ग्राम देवरी क में एसआईआर से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बूथ प्रभारी थानसिंह मंडावी के द्वारा शक्ति केन्द्र देवरी क में बूथ बैठक लिया गया। इस बैठक में एसआईआर से संबंधित मतदाता सूची में नाम जोड़ना के संबंध में जानकारी दी गई। जिसमे कुल मतदाता की संख्या 1062 पु.मतदाता संख्या 535, महिला मतदाता संख्या 527, मृत मतदाता संख्या 19, डबल मतदाता संख्या 12, जमा न करने वाले मतदाता संख्या 5, स्थानांतरित मतदाता की 96 है। इस अवसर पर बूथ प्रभारी थानसिंह मंडावी, बूथ अध्यक्ष छत्रपाल देशमुख, बूथ बीएलओ 2 गीतेश देशमुख, बूथ सचिव यागेंद्र साहू, कोमल देशमुख, कामता देशमुख, तामेश्वर साहू, लुकेश देशमुख, चंद्रकांत साहू, दीपेश देशमुख, मुकेश ठाकुर, मोहन देशमुख, तुशांत देशमुख, टेकेश्वर दास मानिकपुरी, गजेन्द्र देशमुख सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# राज्य स्तरीय अंग्रेजी कार्यशाला का आयोजन, 50 से अधिक शिक्षक-विद्यार्थी हुए शामिल

## इमर्जिंग ट्रेंड्स इन टीचिंग एंड लर्निंग इंग्लिश लैंग्वेज रहा विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



इंग्लिश लैंग्वेज टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया राजनांदगांव चैप्टर एवं नोवेल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन एनटीसीएफ बालोद के तत्वाधान में अंग्रेजी विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इमर्जिंग ट्रेंड्स इन टीचिंग एंड लर्निंग इंग्लिश लेंग्वेज विषय पर आधारित इस कार्यशाला में राजनांदगांव, रायपुर, खैरागढ़, मोहला, भिलाई, कोंडागांव, बलौदा बाजार एवं बालोद के 50 से अधिक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिए। मुख्य अतिथि बालोद जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में अंग्रेजी भाषा टीचर्स डेवलपमेंट में की लेंग्वेज की भूमिका निभा रही है। ऐसे में हमें इस विषय में लगातार अपडेट रहने की आवश्यकता है। बालोद जिले की ओर से कार्यक्रम के संरक्षक एवं अंग्रेजी भाषा के विषय विशेषज्ञ अरुण साहू ने बताया कि शिक्षकों को समय समय पर अपने विषय की जानकारी हेतु खुद को अपडेट करना जरूरी है। अपने व्याख्यान में उन्होंने, सीपीडी, गाइडेड डिस्कवरी, टास्क बेस्ड लर्निंग, पीपीपी, सीएलआईएल, एप्रोच टेक्निक्स एवं मैथड्स पर चर्चा किए। कोंडागांव की सुशीला शर्मा ने द रोल ऑफ इंग्लिश इन रूरल एरिया पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किये। इस शोध पत्र में उन्होंने ग्रामीण परिवेश में अंग्रेजी भाषा को छात्रओं को आसानी से सीखने सिखाने के तरीकों पर जोर दिया। इसी पेपर प्रेसेंटेशन के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनंतपुर के छात्रओं प्रेरना मानकर, रेशमा मंडावी, कुंती पोयाम, ममिता पोयाम, पूजा अग्रवाल और प्रज्ञा ने वर्ड गेम, अंग्रेजी वाक्य फ्रेमिंग, मैप के माध्यम से राज्य के पर्यटन स्थल को अंग्रेजी भाषा में रोल प्ले किये।

कार्यशाला के प्लेनरी सत्र में प्रेसीडेंट एलटाई धनेश सिन्हा, मोहन लाल बोगा और ईश्वरी सिन्हा ने प्रोफेशनल डेवलपमेंट की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए छात्र छात्रओं और शोधार्थियों के सवालों से रूबरू हुए। एक प्रश्न के जवाब में कोंडागांव जिले के अंग्रेजी भाषा के विषय विशेषज्ञ मोहन लाल ने बताया कि शिक्षकों को अपने कंटीन्यूअस प्रोफेशनल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बिना प्रोफेशनल डेवलपमेंट के धीरे धीरे हम फ्यूचर कॉन्वलेज के ट्रैक से हम आउट डेटेड हो जाएंगे। शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा ने बताया कि शिक्षक गण अपने विद्यार्थियों का रोल मॉडल होता है। अर्जुंदा सेजेस से नीलम कौर ने इंग्लिश लेंग्वेज टीचिंग को विद्यार्थियों के कैपिसिटी एवं ऑब्जर्विंग पावर से जोड़कर विद्यार्थियों की समस्याओं पर चर्चा की। कार्यशाला में रोमलाल चंद्राकर, झामेश्वर प्रसाद साहू, ख़ुमेश चंद्रवंशी, ममता नेताम, खिलेश्वर यादव ने भी अपने शोध पत्र पढ़ें। कार्यशाला में कौशल राम चंद्रवंशी, नीलम कौर, किरण शर्मा, प्राचार्य सेंट कबीर्स पब्लिक स्कूल बालोद अन्नपूर्णा शर्मा, प्राचार्य संस्कार शाला बालोद मदन मोहन खटवा, रोमलाल चंद्राकर, नरोत्तम उर्वाशा, हेमराज सहारे, ममता विश्वकर्मा, पवन हेतगडे, रविशंकर चंद्राकर, पुष्पा सिन्हा, टिकेश्वर सिन्हा, झामेश्वर प्रसाद साहू, ख़ुमेश चंद्रवंशी, ममता नेताम, खिलेश्वर यादव, धरम सिन्हा, काव्या शिखा सिन्हा प्रमुख थे। कार्यक्रम का संचालन किरण बाला ने किया।

---

# बालोद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जुम्बा कार्यक्रम आयोजित

## स्वस्थ शरीर रखें, स्वस्थ मन, सुरक्षित जीवन के संदेश के माध्यम से जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान जुम्बा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बस स्टैण्ड बालोद में ट्रक, ऑटो, टैक्सी, ई रिक्शा यात्री बस वाहन चालक एवं परिचालकों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाया गया। कोबा मेला मंडई में जागरूकता रथ एवं पॉम्पलेट वितरण कर वाहन चालकों को जागरूक किया गया।

जिले में 01 जनवरी से 31 जनवरी तक यातायात सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 06 जनवरी को यातायात कार्यालय बालोद के सामने स्वस्थ शरीर रखे स्वस्थ मन, स्वस्थ मन रखे सुरक्षित जन जुम्बा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें धीरज शर्मा के द्वारा लगभग 225 अधिकारी, कर्मचरियों जिसमें बड़ी संख्या में जिले के नव आरक्षक, आम नागरिक शामिल हुए। जुम्बा कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया गया की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ्य मन रहता है, स्वस्थ्य मन से वाहन चलाते हुए यातायात नियमों का पालन करे हमेशा हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करे। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को यातायात सड़क सुरक्षा शपथ दिलाया गया जिससे सभी यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करे।

कोबा मेला मंडई में, जुंगेरा, जगन्नाथपुर, सांकरा, अर्जुन्दा, सुरेगांव, भण्डेरा, भेंड़ी, मालघोरी में यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा पाम्पलेट वितरण किया गया, सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया एंव सड़क सुरक्षा संबंधी पाम्पलेट का वितरण कर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का स्वंय पालन करने साथ ही अपने प्रियजनों एवं अन्य व्यक्तियों को भी यातायात नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित किया गया है।

जिसमे 06 जनवरी को बस स्टैण्ड बालोद में ट्रक, ऑटो, टैक्सी, ई रिक्शा यात्री बस वाहन चालक एवं परिचालकों को यातायात सड़क सुरक्षा शपथ दिलाकर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने हेतु जागरूक किया गया है।

---

# धनोरा में दो दिवसीय जसगीत और झांकी प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा




बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 3 एवं 4 जनवरी को छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय दो दिवसीय जस गीत एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एक से बढ़कर एक झांकी मंडली ने अपने प्रस्तुति दिखाई एवं दर्शक दीर्घा का झांकी के माध्यम से मंत्र मुग्ध कर दिया शनिवार को शाम 6 बजे राजेश सिन्हा जस सम्राट एवं भवानी नायक के द्वारा माता रानी की संध्या कालीन आरती प्रस्तुति किया गया एवं रविवार को शाम 6 बजे हेमंत साहू भजन गायक एवं जस गायक द्वारा माता रानी की आरती संपन्न किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल हुए गांव के गणमान्य नागरिक लुलेशवरी बंजारे सरपंच संगीता सपरे उपसरपंच कौशिल्या सेन पंच चंद्रशेखर बंजारे पूर्व जनपद अध्यक्ष वासुदेव सपरे पुर्व उपसरपंच राजेन्द्र त्यागी रायपुर से हमारे बीच तारा सिंह चौहान रचनाकार सुरेश ठाकुर अंतरराष्ट्रीय सुफी भजन गायक सरदार हरचरण सिंह आनंद एवं उनके साथी एवं क्रांति सेना के पदाधिकारियों गण उपस्थित रहे दरबार के भक्तों द्वारा इन सभी अतिथियों का गुलाल बेंच एवं श्री फल के द्वारा सम्मानित किया गया मिडिया प्रभारी शैलेष साहू जी का भी आगमन हुआ। जिसके भी स्वागत किया गया दो दिन तक निरंतर चलने वाले इस कार्यक्रम में मंच को पीरो कर रखने वाले एवं हंसा गुदगुदा कर अपने सुमधुर वाणी के जादू बीखेरने वाले डोरे दास भोले एवं तरुण साहू जी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा हमारे ग्राम वासी एवं दरबार में आने वाले समस्त भक्त गण जिसने अपना तन मन धन देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाए।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल रहे दरबार के लक्ष्मण बाबा विनोद साहू राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल गुलाब साहू योगेश साहू दिनेश साहू बाबूलाल साहू कल्याण देवांगन ललित साहू जीवराखन ठेकेदार दिनेश यादव रामु यादव ओमकार साहू टीकम गुमान साहू मारियल साहू वासुदेव स्परे चेतन साहू तोमन गजपाल डॉ धनेशवर साहू रोहित झब्बू साहू रुपलाल टेलर्स गज्जू रायपुरीहा बबलू साहू भोलू खिलेशवर साहू सुंदर सपरे नंद पंडा बबिता साहू ललिता यादव सुनीता साहू मितानिन कौशिलया सेन रुखमणि साहू पार्वती मंडलिन प्रभा साहू देवश्री अंजु देवांगन संगीता सपरे गीता देवांगन मंजू साहू पुष्पा देवांगन टिकेशवरी साहू हितेश पटेल लक्ष्मी साहू देवकी साहू दुर्गा साहू प्रमिला साहू ललिता यादव नीरा साहू मुंगा सपरे डिम्पल साहू पुजा सुरुचि नेहा साहू वेदू साहू आदि भक्त गण बड़ी संख्या में अपनी सेवा दे रहे थे। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

---

# कलार समाज का भव्य पारिवारिक मिलन समारोह हुआ




**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम किल्लेकोड़ा की पावन धरा पर कलार समाज का पारिवारिक मिलन समारोह कमलेश्वर सिन्हा डौंडी,दल्ली मंडल के निर्देशन में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं कमलेश्वर सिन्हा ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता के दरबार से कलश यात्रा के साथ हुआ। गली भ्रमण के पश्चात कलश यात्रा माता बहादुर के दरबार पहुंची, जहां सभा का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा ईष्टदेव सहस्त्रबाहु अर्जुन भगवान, माता बहादुर कलारीन एवं छछान छाड़ू देव भगवान के तैलचित्रों का पूजन-अर्चन किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कमलेश्वर सिन्हा ने कहा कि वनांचल क्षेत्र में पहली बार इस प्रकार का मिलन समारोह आयोजित हुआ है, जिसे प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया जाना चाहिए। इससे समाज के युवक-युवतियों को एक-दूसरे से परिचित होने और जीवनसाथी चयन में सुविधा मिलेगी। जिला अध्यक्ष चमन सिन्हा ने कहा कि उन्हें आशंका थी कि वनांचल क्षेत्र में इतनी बड़ी उपस्थिति होगी या नहीं, मुख्य अतिथि ओमप्रकाश गजेंद्र ने आयोजन की सफलता का श्रेय समाज के समर्पित कार्यकर्ताओं को देते हुए उन्हें साधुवाद दिया। समारोह के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश गजेंद्र रहे। विशिष्ट अतिथियों में चमन सिन्हा, चंद्रहास सिन्हा , हरदेवलाल सिन्हा , घनश्याम सिन्हा कलार समाज सहित दिनेश सिन्हा मिलन सिन्हा डॉ. कंवल सिन्हा , विसरूराम सिन्हा, लीला सिन्हा, निर्भय भंडारी , मलता विश्वकर्मा, राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता डॉ. बी. एल. साहसी, तुलाराम सोनवानी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

### बड़गांव में मड़ई मेला आज

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड डौंडीलोहारा अंतर्गत समीप के ग्राम बड़गांव में आज पारंपरिक मड़ई मेले का आयोजन किया है। मड़ई को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है और आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मड़ई के अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य एवं ग्राम-भुरखतरा शिव भोला का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### ग्राम कन्हारपुरी में मेला मड़ई आज

**गुरूर।** ग्राम कन्हारपुरी में मेला मड़ई का आयोजन आज है। जिसके रात्रि में चंपा बासन छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### गोरकापार में 8 को मंड़ई-मेला व मानसगान सम्मेलन 9 को

**अंडा।** समस्त ग्रामवासी गोरकापार (चीचा) के तत्वावधान में 8 जनवरी को भव्य मंडाई मेला एवं तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन 9 से 11 जनवरी 2026 को रखा गया हैं। मंड़ई मेला के अवसर में रात्रि कालीन नाच पार्टी रखा गया है, यह जानकारी उदला साहू ने दी।

### ग्राम बोरी में 9 जनवरी से मानस गान सम्मेलन

**लाटाबोड़।** ग्राम बोरी (लाटाबोड़) में तीन दिवसीय 9 से 11 जनवरी तक सु-स्वर मानस गान सम्मेलन का आयोजन नव युवा प्रभात समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग किया जा रहा है। ग्रामीण जगदीश साहू ने आसपास के ग्रामीणों को आमंत्रित करते हुए इस भक्तिमय आयोजन में अधिक से अधिक लोगों उपस्थित होने की अपील की है।

### बीए-बीएससी प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि घोषित

**गुरूर।** स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर में बीए, बीएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विभिन्न विषयों के प्रायोगिक परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी गई है। जिसमे 7 जनवरी को बीएससी प्रथम सेमेस्टर डीएससी रसायन शास्त्र, बीएससी तृतीय सेमेस्टर सीएससी रसायन शास्त्र, 8 जनवरी को बीएससी प्रथम सेमेस्टर डीएससी, जीई वनस्पति शास्त्र, बीएससी तृतीय सेमेस्टर डीएससी वनस्पति शास्त्र, 9 जनवरी को बीएससी तृतीय सेमेस्टर डीएससी रसायन शास्त्र, 10 एवं 12 जनवरी को बीए तृतीय सेमेस्टर डीएससी भूगोल, 11 जनवरी को बीएससी तृतीय सेमेस्टर डीएससी भौतिक शास्त्र, 15 जनवरी को बी एस सी प्रथम सेमेस्टर डीएससी, जीई प्राणीशास्त्र, बीएससी तृतीय सेमेस्टर डीएसी प्राणीशास्त्र, 17 जनवरी को बीएससी तृतीय सेमेस्टर डीएससी वनस्पति शास्त्र निर्धारित की गई है। प्राचार्य प्रो केएल रावटे ने बताया सभी प्रायोगिक परीक्षा में समस्त नियमित एवं प्रायवेट छात्र छात्रओं को प्रायोगिक सामग्री के साथ सम्मिलित होना अनिवार्य है। परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने पर छात्र की स्वयं की जिम्मेदारी होगी। विस्तृत जानकारी महाविद्यालय के सूचना पटल और वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

### धमतरी-गुण्डरदेही मार्ग पर पलटी माजदा, बाइक सवार बाल-बाल बचे



**बालोद।** मंगलवार को धमतरी गुण्डरदेही मुख्य मार्ग पर ग्राम बोरगहन रजोली के बीच राइस मिल के पास बड़ी घटना टल गई। धमतरी की ओर से आ रही रूई से भरी माजदा एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास मे रोड के बीचो बीच पलट गई। जिससे लगभग 3 घंटे तक अवागमन बाधित रहा। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, माजदा चालक की सूझ बूझ से बाइक सवार तो बच गए लेकिन माजदा बीच रोड पर पलट गया। घटना दोपहर 3 बजे की बताई जा रही है। घटना में माजदा चालक को सामने कांच को तोड़कर बाहर निकाला गया।

## वार्षिक उत्सव : नई शिक्षा नीति और आधुनिक तकनीक पर दिया गया जोर

# जागृति स्कूल का वार्षिक उत्सव, सम्मान समारोह में मंत्री गजेन्द्र हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटरेल में वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव थे। अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू ने किया।

विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू, जनपद पंचायत सदस्य अजय साहू, ग्राम पंचायत बटरेल के सरपंच एमन आठे, जागृति शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ दयाराम साहू, पद्मश्री राधेश्याम बारले मंच आसीन रहे। पूर्व विधायक एवं स्कूल समिति अध्यक्ष डॉ दया राम साहू ने कहा कि यह स्कूल सन 1968 से संचालित है। इस स्कूल को शासकीयकरण के लिए अनेकों बार प्रयास किया जा चुका है। लेकिन सफलता प्राप्त नही हुआ है। स्कूल को शासकीयकरण करने के लिए विशेष निवेदन एवम आग्रह किया। 5 दशक पहले क्षेत्र में शिक्षा की जागृति काबिले तारीफ है। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि शिक्षा के प्रति जागृति का प्रभावी लक्षण इस विद्यालय में दिख रहा है। 5 दशक पहले जब क्षेत्र में स्कूलों का अभाव था तब इस क्षेत्र के चिंतक और विचारवान लोगो ने बटरेल में प्राइवेट स्कूल प्रारंभ कर क्षेत्र में शिक्षा की रोशनी फैलाई वे काबिले तारीफ है, ऐसे विचारवान लोगो को नमन वंदन। इस विद्यालय को शासकीयकरण करने की मुख्य मांग सामने आई है। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने वादा किया कि जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटरेल को शासकीयकरण कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने नई शिक्षा का जिक्र करते हुए कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में व्यावसायिक पाठ्यक्रम को विशेष रुप से बढ़ाव देने की योजना है, आधुनिक तकनीकी के माध्यम से बच्चो के शिक्षा को आसान बनाने के लिए सरकार प्रयास में जुट चुकी है। उन्होंने कहा कि रोजगारमुखी शिक्षा से परिवार समाज देश की तस्वीर और तकदीर बदलेगी।



### पद्मश्री बारले की टीम के साथ बच्चो ने मनमोहक प्रस्तुति दिए

जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य टीके पिपरिया के मार्गदर्शन में बीके साहू, टीआर धनकर, जीके साहू, पीके साहू, पीएल धुरव, जीपी कोसरे, जयश्री चंद्राकार, योगिता देवांगन, हेमलता कतलम, हमेंद्र ठाकुर, सेवंत लाल सेन एवं पूर्व माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिका का सराहनीय सहयोग रहा। स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्र बस्तर से आदिवासी पोशाक में रिलो, कर्मा एवं पद्मश्री राधेश्याम बारले की पूरी टीम द्वारा पंथी नृत्य का बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति रहा। बोर्ड परीक्षा एवं खेल कूद में प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विधार्थियो को सम्मान प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत बटरेल सरपंच एमन आठे आभार किया।

# डौंडीलोहारा में प्राथमिक शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ एनईपी 2020 आधारित नवीन पाठ्यपुस्तकों पर रहा फोकस

वनांचल क्षेत्र डौंडीलोहारा के प्राथमिक शालाओं में कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को बुनियादी शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षकों का नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को विकासखंड डौंडीलोहारा के बीआरसी केन्द्र, सम्बलपुर, बड़गांव एवं बुनियादी शाला में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को आधार मानकर तैयार की गई नवीन पाठ्यपुस्तकों पर केन्द्रित रहा। प्रशिक्षण के दौरान एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) के अंतर्गत शिक्षक संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका एवं पाठ्यपुस्तक के समन्वय से चार खण्डीय रूपरेखा पर आधारित शिक्षण सामग्री (टीएलएम) के माध्यम से बच्चों में कक्षा स्तरानुसार दक्षता विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। पाठ्यपुस्तकों में बच्चों की बहुभाषिक क्षमता के विकास हेतु विभिन्न भाषाओं एवं रंगीन चित्रों का समुचित समावेश किया गया है।

शिक्षकों की सुविधा के लिए दैनिक, साप्ताहिक एवं वार्षिक कार्ययोजना को शिक्षक संदर्शिका में स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया गया। अभ्यास पुस्तिका, शिक्षक संदर्शिका एवं पाठ्यपुस्तक के संयुक्त उपयोग से आकलन, ट्रैकर एवं 'मेरा सफर' जैसे नवाचारों पर चर्चा की गई, जिससे बच्चे गतिविधियों के माध्यम से सीखते हैं। जो बच्चे अपेक्षित स्तर तक नहीं सीख पाते, उनके लिए उपचारात्मक शिक्षण के अंतर्गत 'संभव' एवं 'शिखर' अभ्यास पुस्तकों के माध्यम से विशेष प्रयास किए जाने की जानकारी दी गई।

पांच दिवसीय प्रशिक्षण में हिंदी, गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण, बांसुरी, योग, कला एवं खेल विषयों की नवीन पाठ्यपुस्तकों पर गतिविधि आधारित शिक्षण प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण के दौरान सतत विकासखंड शिक्षाधिकारी हिमांशु मिश्रा, एबीईओ अश्वनी साहू, बीआरसी दिनेश मालेकर, जिला प्रभारी एलएलएफ उत्तम साहू, जोन समन्वयक अशोक टंडन, सर्व संकुल समन्वयक, डीआरजी, बीआरजी तथा एलएलएफ से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नेमू राम साहू एवं मुकुंद राय का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि यह प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है।

# ग्राम देवरी में दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन कथा 25 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



ग्राम देवरी (ख), तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद में दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन कथा एवं विशाल भोजन भंडारा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन दिनांक 25 जनवरी एवं 26 जनवरी को संपन्न होगा।

कार्यक्रम में प्रवचन कर्ता श्री कामता प्रसाद शरण जी (कुरेरादादर, जिला गरियाबंद) अपने ओजस्वी प्रवचनों एवं संगीतमय हरिकीर्तन कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कार और आध्यात्मिक ज्ञान से सराबोर करेंगे। कथा के दौरान भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन एवं धार्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई है, जिसमें सभी धर्मप्रेमी नागरिक सपरिवार सहभागी बन सकेंगे। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक चेतना, आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य करेगा।

इस पावन आयोजन को सफल बनाने में ओमप्रकाश साहू, ललित कुमार साहू, खिलेन्द्र कुमार साहू, तामेश्वर प्रसाद साहू, लोमन कुमार साहू, प्रमोद कुमार देशमुख एवं छगन लाल देशमुख का विशेष योगदान रहा है। आयोजन समिति द्वारा क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

# एनएसएस का ग्राम खपरी में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम खपरी में आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रभात फेरी, योगाभ्यास, पीटी परेड, परियोजना कार्य के तहत श्रम मुलक कार्य सामुदायिक भवन परिसर में मुरुम समतालीकरण का कार्य छात्र छात्रें द्वारा किया गया। साथ ही गाँव के विभिन्न मार्गो की साफ सफाई भी की गई। कार्यक्रम की दूसरे चरण में भोजनावकाश के बाद बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि कवि डिगेंद्र साहू उपस्थित हुए। जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कविता पाठ के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया साथ ही नशा मुक्त समाज पर प्रकाश डाला। डिगेंद्र साहू के विचारों से सभी छात्र–छात्रओं काफी लाभान्वित हुए, रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रात्रि में काफी ठंड के बावजूद दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ग्राम खपरी में राष्ट्रीय सेवा योजना केविद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, समाज में फैली हुई कुरूतियो के लिए जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को घर–घर जाकर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# जामगांव आर कॉलेज में स्वरोजगार प्रशिक्षण की हुई शुरूआत हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

■ विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर






शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल के मार्गदर्शन में कौशल, प्लेसमेंट और करियर गाइडेंस समिति के संयोजन से आरसेटी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग और बैंक ऑफ बड़ौदा के माध्यम से एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश केला ने अध्यक्षता करते हुए सफल व्यवसाय स्थापित करने के गुणों को साझा किया। उन्होंने बताया कि एक सफल उद्यमी किस प्रकार ना सिर्फ रोजगार प्रदान करने में सहयोग प्रदान करता है बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी अपनी भूमिका निभाता है। ज्ञातव्य हो कि यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है और 64 विधाओं में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आर से टी द्वारा आयोजित किया जाता है। शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में पहली बैच में विद्यार्थी गण मोमबत्ती, अगरबत्ती, फिनायल, हर्बल साबुन हॉर्पिक के निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह प्रशिक्षण संस्था की डीएसटी सरोज साहू द्वारा प्रदान किया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को भविष्य में व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए एक नींव बताया जिससे विद्यार्थी भविष्य में सफल उद्यमी बन सकते है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आर से टी के डायरेक्टर गुलशन सिंह ने विद्यार्थियों से खुली चर्चा के माध्यम से उनकी रुचियों और भावी योजनाओं को जाना और बताया कि किस प्रकार आर से टी ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उद्यमिता और व्यवसाय प्रारंभ से लेकर उसका विस्तार करने में भी सहयोग दे रही है। विकसित भारत ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम गीतांजलि साहू बी एस सी अंतिम, द्वितीय दिव्या यदु बी कॉम और तृतीय शालिनी ठाकुर बी कॉम को नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना पर आयोजित छत्तीसगढ़ वेशभूषा के विजेताओं को भी महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में आर से टीके फैकल्टी अमित कुमार द्वारा आई कंसंट्रेशन गेम का आयोजन कर प्रेरित किया। संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन स्किल और प्लेसमेंट प्रभारी चेतना सोनी द्वारा किया गया।

# अपर कलेक्टरों ने सुनीं जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अजय किशोर लकरा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली।

इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम तरौद के उदय ठाकुर ने किसान पंजीयन रिकार्ड में रकबा संशोधन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह परसुली के दुर्गा बाई एवं ग्राम बासीन के मीना बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, करहीभदर के योगेन्द्र ने भूमि का सीमांकन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह बिरेतरा के सरपंच ने सोलर पंप एवं सोलर लाईट का मरम्मत कराने, गुरूर के खेमलाल ने श्रवण यंत्र प्रदान करने एवं ग्राम मंगता राम ने वृद्धा पेंशन दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।

# शिक्षक संघ ने मोबाइल से उपस्थिति दर्ज करने का किया विरोध, बायोमेट्रिक मशीन लगाने की मांग की

**बालोद।** टीचर्स एसोसिएशन ने कहा कि ऑनलाईन उपस्थिति का विरोध नहीं, पर शिक्षकों के निजी मोबाइल से उपस्थिति लेना निजता का हनन है। पदाधिकारियों ने मांग की कि बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति ली जानी चाहिए। पदाधिकारियों ने बताया कि टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव, संचालक को पत्र लिखकर विद्यालयों में मोबाइल–नेट सुविधा व बायोमेट्रिक पंच मशीन उपलब्ध कराए जाने का मांग करते हुए कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति मोबाइल एप से दर्ज कराने का निर्णय व्यवहारिक नहीं है, यह शिक्षकों की निजता एवं वित्तीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है, निजी मोबाइल के माध्यम से उपस्थिति लेना अत्यंत आपत्तिजनक है। एसोसिएशन ने कहा यदि शासन को बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करना है, तो प्रत्येक विद्यालय में बायोमेट्रिक पंच मशीन एवं स्थायी इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 18,500/-
10 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री तुंगनाथ महादेव, श्री त्रियोगीनारायण
20 अप्रैल, 03 मई, 12 मई, 18 मई, 27 मई, 30 मई, 04 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 18,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)